# लिखता था जय श्री श्याम | by Amit Kalra meetu

विपदा आने वाली थी पर श्याम आ गया
लिखता था जय श्री श्याम वो ही काम आ गया

किये कौन से भले करम थे बीते जन्मो में मैंने
श्री श्याम कृपालु उसका फल आये मुझको देने
मेरी परीक्षा का जैसे परिणाम आ गया
लिखता था जय श्री श्याम वो ही काम आ गया

मेरे सारे संकट काटे मेरे बिगड़े काम बनाये
मेरी जब जब नैया डोले ये आकर पार लगाए
मेरी श्रद्धा भक्ति का ईनाम आ गया
लिखता था जय श्री श्याम वो ही काम आ गया

जब जब मैंने socha है उसके दर पर जाऊँगा
इस मन की व्यथा सुना कर उसकी कृपा पाऊंगा
उससे पहले श्याम का पैगाम आ गया
लिखता था जय श्री श्याम वो ही काम आ गया

विपदा आने वाली थी पर श्याम आ गया
लिखता था जय श्री श्याम वो ही काम आ गया

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b2%e0%a4%bf%e0%a4%96%e0%a4%a4%e0%a4%be-%e0%a4%a5%e0%a4%be-%e0%a4%9c%e0%a4%af-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-by-amit-kalra-meetu/